# न्याय श्याम का | by Rahul Sanwara

जिस दिन खाटूवाला खामोशी ये तोड़ेगा
रखना ये याद हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा

बस प्यार ही देखा है नाराज़ी नहीं देखी
देखें ना बाण कभी बस मोरछड़ी देखी
बस मोरछड़ी देखी...........
क्या होगा गर हमसे बाबा मुख मोड़ेगा
रखना ये याद हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा

जो श्याम से पाया है गर लेने पे आएगा
उड़ते हैं जो हम ऊँचा धरती पे गिरायेगा
जिन हाथ से पाप किये
वही हाथ तू जोड़ेगा ............
रखना ये याद हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा

थोड़ा सा पाते ही तुझमे ये गुमां आया
जहाँ तू है आज खड़ा तुझे श्याम वहां लाया
तेरे कर्मो का मटका एक रोज़ वो फोड़ेगा
एक रोज़ वो फोड़ेगा ...........
रखना ये याद हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा

उसने ही बनाया ही और वो ही मिटाएगा
औकात सचिन क्या है पल में दिखलायेगा
पल में दिखलायेगा ...........
फिरता मारा मारा हर और तू दौड़ेगा
रखना ये याद हमें कहीं का नहीं छोड़ेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%af-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-rahul-sanwara/